जोगन बन जाएगी श्याम तेरी राधा

जोगन बन जाएगी श्याम तेरी राधा,
श्याम तेरी राधा आई कान्हा तेरी राधा,
जोगन बन जाएगी...

चुन चुन कलियाँ में हार बनाया,
हार बनाया,
मालिन बन जाएगी श्याम तेरी राधा.....

गैयाँ चराने जो जाए मधुबन में,
ज्वालन बन जाएगी श्याम तेरी राधा,
जोगन बन जाएगी....

पनिया भरण को जाए पंघट पे,
लहर बन जाएगी श्याम तेरी राधा,
जोगन बन जाएगी....

ख़ाना बनाए जाए चोके में,
हलवाई बन जाएगी श्याम तेरी राधा,
जोगन बन जाएगी....

पूजा करने को जाए मंदिर में ,
पुजारिन बन जाएगी श्याम तेरी राधा,
जोगन बन जाएगी....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31406/title/jogan-ban-jayegi-shyam-teri-radha

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |